देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरुवार, 10 अक्टूबर, 2024

# 27 साल से दिल्ली में वनवास काट रही भाजपा अब सीएम आवास कब्जाना चाह रही-संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मुख्यमंत्री आतिशी को अभी तक सीएम आवास आवंटित नहीं होने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह का कहना है कि पिछले 27 सालों से भाजपा दिल्ली में वनवास काट रही है। जब वह चुनाव में आम आदमी पार्टी को नहीं हरा पाई और अपना मुख्यमंत्री नहीं बना पाई तो अब सीएम आवास पर कब्जा करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल ने सीएम आवास खाली कर दिया है और उसका प्रमाण पत्र भी है। अब उस सीएम आवास में मुख्यमंत्री आतिशी को शिफ्ट होना था और उन्होंने इसके लिए पत्र भी लिखा है। इसके बावजूद उनको सीएम आवास आवंटित नहीं किया गया। सीएम आतिशी ने जब सीएम आवास को कैंप कार्यालय बनकर मीटिंग शुरू की तो वहां से स्टाफ को भी हटा दिया गया।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि कुछ दिनों से भाजपा झूठ और भ्रम फैलाने के काम में लगी हुई है। भाजपा ने दिल्ली में सत्ता हड़पने के कई हथकंडे अपनाए और आम आदमी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया। भाजपा दिल्ली में बार-बार चुनाव लड़ती है और हार जाती है। भाजपा दिल्ली में पिछले 27 साल से लगातार चुनाव हार रही है।

सजाए सिंह ने कहा कि जब भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत पाई, तो उसने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करने का प्रयास किया। आप के विधायकों और नेताओं को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन भाजपा उसमें भी फेल हो गई। जब भाजपा लोग दिल्ली में किसी भी तरह से जीत नहीं पा रहे हैं, तो अब वह मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। अब भाजपा के अंदर मुख्यमंत्री के आवास पर कब्जा करने की नई लालसा पैदा हो गई है, क्योंकि 27 साल से लगातार हारने के बाद ये अपना खुद का मुख्यमंत्री बना नहीं पा रहे हैं। 27 साल का वनवास बहुत बड़ा होता है। इसलिए अब भाजपा मुख्यमंत्री के आवास पर कब्जा करना चाहती है।

संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सीएम आवास खाली कर दिया। उसको लेकर भी इन लोगों ने दुष्प्रचार फैलाया। संजय सिंह ने मीडिया को अरविंद केजरीवाल से सीएम आवास खाली करने का प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहा कि यह इस बात का सबूत है कि केजरीवाल ने अपना घर खाली कर दिया है। यह लिखित सरकारी प्रमाण है, जिसमें साफ-साफ लिखा है कि उन्होंने घर खाली कर दिया है। मुख्यमंत्री के तौर पर अब आतिशी को उस आवास में जाना था, लेकिन कहने के बावजूद आतिशी को मुख्यमंत्री का आवास अलॉट नहीं किया जा रहा है, जबकि वह दिल्ली की मुख्यमंत्री हैं।

सजाए सिंह ने कहा कि आतिशी ने वहां मुख्यमंत्री का कार्यालय बनाकर मीटिंग शुरू की, लेकिन मीटिंग करने के बावजूद वहां के स्टाफ को खाली करवा दिया गया। कैंप कार्यालय भी वहां नहीं चलेगा। भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत पाती है और अपना मुख्यमंत्री नहीं बना पाती है, तो अब मुख्यमंत्री के आवास पर कब्जा करना चाहती है। इन लोगों ने यह भी झूठ फैलाने की कोशिश की कि चाभी नहीं दी गई। भाजपाई उसका भी प्रचार कर रहे हैं। इनका नाम ही भारतीय झुठ्ठा पार्टी है। इनके पास झूठ बोलने के अलावा कोई काम नहीं है।

## कोटला मुबारकपुर में जुए के अड्डे पर रेड, 20 गिरफ्तार



संवाददाता

कोटला मुबारकपुर इलाके में साउथ डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की टीम ने छापा मारकर 20 आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहां से 1.55 लाख से ज्यादा कैश भी बरामद किया गया है। डीसीपी अंकित चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र की टीम को इस जुए के अड्डे के बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने इनफार्मेशन की पुख्ता जानकारी कंफर्म की और उसके बाद कोटला मुबारकपुर के वजीर नगर में स्थित एक घर पर छापा मारा। वहां पर मौजूद 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कोटला मुबारकपुर में मामला दर्ज किया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विकासपुरी में तेजाब हमले में एक बच्चे समेत तीन शरणार्थी घायल, स्थानीय व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में स्थानीय लोगों और शरणार्थियों के बीच विवाद के दौरान तेजाब से किये गये हमले में एक सीरियाई नागरिक समेत तीन शरणार्थी झुलस गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हमले में एक 11 माह का बच्चा भी झुलसा है जिसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्चे को आज छुट्टी दे दी गई। पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और स्थानीय निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना 30 सितंबर को विकासपुरी स्थित संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) कार्यालय के पास हुई। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि शरणार्थियों और स्थानीय लोगों के बीच झगड़े के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक कॉल आई थी। जब पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि झगड़े के दौरान कुमार एक कैन लाया और उसमें से एक रसायन तीन शरणार्थियों तथा उनके टेंट पर फेंक दिया। वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में रसायन फिनाइल प्रतीत हो रहा है लेकिन जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि यह कौन सा रसायन है। पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि तीन शरणार्थियों में से एक सीरियाई नागरिक है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आठ अक्टूबर को प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि शरणार्थी काम और आश्रय की तलाश में अक्सर विकासपुरी में स्थित यूएनएचसीआर कार्यालय आते हैं। इतना ही नहीं, वे अक्सर नारेबाजी करते हैं जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। बयान में कहा गया, शरणार्थी अक्सर वहां काम और आश्रय की तलाश में जाते हैं। कई बार नारेबाजी भी करते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उस दिन भी शरणार्थियों और वहां तैनात सुरक्षा गार्ड के बीच तीखी बहस हुई, जिसके कारण यह विवाद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनम वांगचुक का अनशन चौथे दिन भी जारी



नई दिल्ली। लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके साथियों के अनशन का बुधवार को चौथा दिन था। जंतर मंतर पर अनशन की अनुमति नहीं मिलने के बाद वे अपने साथियों के साथ दिल्ली के लद्दाख भवन में अनशन पर बैठे हैं।

वांगचुक ने एक्स पर वीडियो शेयर कर कहा कि केवल पानी के सहारे वे यहां अनशन पर बैठे हैं। उन्होंने कहा, वे भाजपा को चुनाव के दौरान किया उसका वादा याद दिलाने आए हैं। हम तब तक यहां बैठेंगे, जब तक हमें जवाब नहीं मिल जाता कि हम अपने नेताओं से कब मिल पाएंगे। हमने 30-32 दिन तक पैदल यात्रा की है। हम कम से कम एक मुलाकात के तो हकदार हैं। मंगलवार रात करीब 10:30 बजे एक सज्जन आए और संदेश देने लगे उन्होंने हमें सुना। साथ ही कहा कि वह किसी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में नहीं आना चाहते। उनके साथी हमारे लिए सहानुभूति रखते हैं।

उल्लेखनीय है कि अनशन के दूसरे दिन कई संगठनों ने सोनम से मुलाकात कर उनका समर्थन किया था। आंदोलन को समर्थन देने के लिए स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया की दिल्ली प्रदेश इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल लद्दाख भवन में सोनम वांगचुक से मिला था। आईशी घोष ने वांगचुक और उनके समर्थकों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा, हम आपके अनशन और आपकी मांगों के समर्थन में आपके साथ खड़े हैं। आपकी आवाज को सामाजिक मंच पर लाना हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# अदालत ने वांगचुक को जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने पर दिल्ली पुलिस का रुख पूछा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली उच्च न्यायालय ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य को शहर के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अनुमति मांगने संबंधी याचिका पर बुधवार को दिल्ली पुलिस का रुख पूछा।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने एपेक्स बॉडी लेह द्वारा दायर याचिका पर पुलिस और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, याचिका पर जवाब दाखिल किया जाए। पीठ ने मामले की सुनवाई 22 अक्टूबर के लिए निर्धारित की। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मामले में कोई तात्कालिकता नहीं है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस विरोध प्रदर्शन के अनुरोध को अस्वीकार करने के लिए कोई वैध आधार प्रदान करने में विफल रही है।

वांगचुक और लद्दाख के उनके साथियों को 30 सितंबर को दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर दिल्ली की सीमा पर हिरासत में ले लिया था। उन्होंने लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेह से लेकर राष्ट्रीय राजधानी तक मार्च किया। हालांकि, बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में आदिवासी क्षेत्रों के स्वायत्त जिलों और स्वायत्त क्षेत्रों के तौर पर प्रशासन से संबंधित है।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी आप, कांग्रेस से किनारा किया



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अति आत्मविश्वासी कांग्रेस के साथ जाने के बजाय अकेले उतरेगी। पार्टी के एक सदस्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, दिल्ली में आप अकेले लड़ेगी। हम अति आत्मविश्वासी कांग्रेस और अहंकारी भाजपा से अकेले मुकाबला करने में सक्षम हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा में गठबंधन सहयोगियों को हल्के में लिया और अपने अति आत्मविश्वास के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, पिछले 10 साल से दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस के पास एक भी सीट नहीं है, फिर भी आप ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को तीन सीट की पेशकश की थी। इसके बावजूद उसे हरियाणा में सहयोगियों के साथ चलना जरूरी नहीं लगा। कक्कड़ ने दावा किया कि कांग्रेस ने हरियाणा में गठबंधन बनाने के लिए इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सभी प्रयासों को विफल कर दिया और अपने सहयोगी के साथ चलना जरूरी नहीं समझा। सीट बंटवारे को लेकर मतभेदों के कारण आप और कांग्रेस में चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं हो पाया था। आप ने हरियाणा में जितनी भी सीट पर चुनाव लड़ा, उन सभी पर हार का सामना करना पड़ा जबकि कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से काफी दूर रह गई। ऐसे में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए लगातार तीसरी बार वापसी का रास्ता साफ हो गया। आप और कांग्रेस ने हरियाणा में लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था। लोकसभा चुनाव में आप हरियाणा में एक सीट पर मैदान में उतरी थी, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि कांग्रेस ने 10 में से पांच सीट जीतीं। कक्कड़ ने जम्मू-कश्मीर में आप की एक सीट जीतने का श्रेय पार्टी की विकास-आधारित राजनीति को दिया। उन्होंने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। आप ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अपना खाता खोला। उसके उम्मीदवार मेहराज मलिक ने डोडा निर्वाचन क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को 4,538 से अधिक मतों के अंतर से हराया। कक्कड़ ने कहा, मेहराज मलिक बेहद मेहनती हैं और वे आंदोलन तथा संघर्ष के समय से पार्टी के साथ हैं। जिला विकास परिषद के सदस्य मलिक को 23,228 मत मिले, जबकि भाजपा के गजय सिंह राणा 18,690 मत ही हासिल कर पाये।

# नाबालिग बेटे के साथ मिलकर किया किराएदार के बच्चे का अपहरण



नई दिल्ली। कमला मार्केट में रहने वाली एक महिला ने अपने नाबालिग बेटे की मदद से अपने किराएदार के तीन साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। मकसद था कि अपने भाई और भाभी, जिन्हें बेटे की चाहत थी, उन्हें बच्चा दे सके। लेकिन पुलिस ने इस मामले को सुलझाते हुए महिला, उसके नाबालिग बेटे, और भाई-भाभी को पकड़ लिया है। पुलिस ने बच्चे को सकुशल अमरोहा, यूपी से बरामद किया और उसके परिवार को सौंप दिया। पूछताछ में पता चला कि मकान मालकिन के भाई-भाभी को दो बेटियां थीं और उन्हें एक बेटे की चाहत थी। इसलिए सभी ने तीन साल के बच्चे को अगवा कर लिया था। गिरफ्तार आरोपियों में कमला मार्केट निवासी मकान मालकिन शमा (35), अमरोहा निवासी 26 वर्षीय नसीम जायरा और उसका पति 32 वर्षीय असलम शामिल हैं। जबकि चौथा शमा का नाबालिग बेटा है। डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने बताया कि 4 अक्टूबर को कमला मार्केट थाने में बच्चे के पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका तीन साल का बेटा घर के बाहर खेल रहा था, लेकिन अचानक गायब हो गया। काफी तलाश के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला, तो पुलिस ने जांच शुरू की। एसएचओ सीएल मीणा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज देखी गई, जिसमें एक लड़का बच्चे को गांधी मार्केट की ओर ले जाता दिखा। पुलिस ने उस लड़के को पकड़ा, जो शिकायतकर्ता की मकान मालिक का नाबालिग बेटा निकला। पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपनी मां शमा के कहने पर बच्चे को अमरोहा, यूपी ले जाकर अपने मामा और मामी को सौंप दिया था। इसके बाद मकान मालकिन शमा को पकड़ा गया। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर अमरोहा से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। असलम और नसीम जायरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## डीयू की पूर्वी एशियाई भाषाओं में एडवांस डिप्लोमा, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के तीन कॉलेज पूर्वी एशियाई भाषाओं में एडवांस डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम लाने की योजना बना रहे हैं। रामजस कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामलाल आनंद कॉलेज ने नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने के लिए विश्वविद्यालय की अकादमिक परिषद को एक नीतिगत प्रस्ताव भेजा है। अकादमिक परिषद की बैठक विभिन्न नीति प्रस्तावों और कुलपति द्वारा स्वीकृत की गयी कार्य रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए 10 अक्टूबर को होगी।

प्रस्ताव के अनुसार, रामजस कॉलेज की एडवांस डिप्लोमा इन कोरियन (केपी-3) जबकि हंसराज कॉलेज की चीनी भाषा में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ ही कोरियाई (केपी-2) और जापानी (जेपी-2) भाषाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है। रामलाल आंनद चीनी (सीपी-3) और जापानी (जेपी-3) भाषाओं में एडवांस डिप्लोमा शुरू करेगा। ये तीनों पाठ्यक्रम पूर्वी एशियाई अध्ययन विभाग के तहत शुरू किए जाएंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय में विभिन्न विदेशी भाषाओं के लिए समर्पित विभाग हैं तथा उससे संबद्ध कई कॉलेज

# पांच लापता बच्चे और एक महिला बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पांच लापता बच्चों और एक लापता महिला समेत छह लोगों को अलग-अलग जगहों से बरामद किया है। ये सभी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से गायब हुए थे। महिला के बारे में जानकारी देने वालों को तो 20 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच ने दो नाबालिग लड़कियों को बिहार के नालंदा स्थित सरमेरा से बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि लड़कियों का अपने माता-पिता के साथ झगड़ा हुआ था और इसके बाद अपना घर छोड़कर चली गई थीं। दूसरा मामला मंडावली इलाके का है। क्राइम ब्रांच ने 14 साल की एक नाबालिग किशोरी को बिहार के पूर्णिया से बरामद किया है। वहीं, तीसरे मामले में क्राइम ब्रांच ने राजधानी के बुध विहार इलाके से लापता हुई 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद किया है।

# डस्ट प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट अभियान शुरू : गोपाल राय

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने विंटर एक्शन प्लान शुरू कर दिया है, ताकि आने वाले समय में प्रदूषण से दिल्ली वालों को निजात मिल सके। इसके तहत दिल्ली में डस्ट प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट अभियान शुरू किया गया है। इसमें अलग-अलग विभागों की 523 टीमें बनाई गई हैं, जो निर्माण स्थलों पर जमीनी हकीकत की जांच कर रही हैं। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने 10 एजेंसियों को हरित रत्न अवार्ड से सम्मानित भी किया है। यह वह एजेंसियां हैं, जिन्होंने निर्माण के दौरान सभी नियमों का पालन किया है। दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने बताया, मैंने खुद दो निर्माण स्थलों पर जांच की। मैंने देखा कि डस्ट पॉल्यूशन के लिए 14 सूत्रीय दिशा-निदेशों का उल्लंघन हो रहा है। मुझे समझ में आया कि कंपनियों में गंभीरता नहीं है। इसलिए हमने 120 निर्माण स्थलों पर काम करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को बुलाया और उन्हें डस्ट पॉल्यूशन के बारे में प्रशिक्षित किया।

# प्रभु श्रीराम का संपूर्ण जीवन अनुकरणीय: सतीश गर्ग




नई दिल्ली। आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में राम- सुग्रीव मित्रता, अशोक वाटिका में सीता हनुमान भेंट, लंका दहन कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जहां अशोक वाटिका के मनभावक दृश्य तो वही लंका दहन का सजीव दृश्य दिखाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल गोयल राष्ट्रीय महामंत्री अग्रवाल सम्मेलन व जयप्रकाश पूर्व महापौर उपस्थित हुए। इस अवसर पर गोपाल गोयल ने कहा कि श्रीराम के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीति, कूटनीति, अर्थनीति, सत्य, त्याग ,सेवा, प्रेम, क्षमा, परोपकार, शौर्य, दान , हित- चिंतन आदि मूल्यों का सुंदर आदर्श हमें श्री राम के जीवन से सीखने को मिलता है। सतीश गर्ग ने कहा कि श्रीराम का संपूर्ण जीवन हर पहलू पर मानव समाज के लिए अनुकरणीय हैं। अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने डेंगू रोकथाम के लिए दर्शकों को जागरूक किया। कार्यक्रम में देवराज, चंदन शर्मा, नितिन बत्रा, प्रदीप गोयल, संदीप गुप्ता , प्रवीण कुमार सिंह, विजय बंसल, बिट्टू हार्मिलापी, राकेश गुप्ता, रजनीश सेठ, उषा गोयल, रजनी गुप्ता, रश्मि राजपाल, अनुज जैन, बृजेश शर्माउपस्थित रहे।

## निजी बसों की संख्या बढ़ने से डीटीसी कर्मियों में आक्रोश

नई दिल्ली। परिवहन विभाग के बेड़े में निजी बसों की संख्या बढ़ाए जाने से डीटीसी कर्मचारियों में आक्रोश है। कर्मचारियों का कहना है कि विभाग के इस कदम से डीटीसी का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। निजी कंपनियां इसका फायदा उठा रही है। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन 16 अक्तूबर को डीटीसी मुख्यालय पर धरना देगी। यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी का कहना है कि इलेक्ट्रिक बसों पर मार्का डीटीसी का है, लेकिन उन पर चालकों की तैनाती अनुबंध के आधार पर की जा रही है। नियमित भर्ती किए जाने की बजाय 14 साल से अनुबंध के आधार पर तैनाती की जा रही है। उनका कहना है कि स्थायी नौकरी लागू होने तक समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए।

# चुनाव परिणाम घोषित करवाने हैं तो पहले गंदगी साफ करें : दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के उम्मीदवारों से कहा कि अगर वे मतगणना कराना चाहते हैं तो मतदान के दौरान परिसर में जहां भी गंदगी फैलायी गयी है, उसे साफ करें।

उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर को डूसू और कॉलेजों के चुनावों की मतगणना और परिणामों की घोषणा पर रोक लगा दी थी। अदालत ने कहा कि उसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना नहीं बल्कि केवल यह संदेश देना था कि इस तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, आखिर आप गंदगी साफ क्यों नहीं करते। जिस दिन उस जगह की गंदगी साफ कर दी जाएगी उसके अगले ही दिन हम मतगणना की अनुमति दे देंगे।

अदालत दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दो अलग-अलग कॉलेज में चुनाव लड़ने वाले दो उम्मीदवारों द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई कर रही थी जिसमें परिणाम घोषित करने का अनुरोध किया गया था।

उम्मीदवारों ने कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों द्वारा सभी कॉलेज परिसर साफ किए जाएं और विश्वविद्यालय के साथ समन्वय कर उन्हें फिर से पेंट किया जाए।

यह आवेदन सार्वजनिक दीवारों को नुकसान पहुंचाने, उनका वास्तविक स्वरूप बिगाड़ने, उनकी सुंदरता को बिगाड़ने में शामिल डूसू उम्मीदवारों एवं छात्र संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध वाली लंबित याचिका के संदर्भ में दायर किया गया था।

याचिकाकर्ता एवं वकील प्रशांत मनचंदा ने कहा कि इसके लिए जिम्मेदार उम्मीदवारों और उनकी पार्टियों को निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे गंदगी को साफ करें और उन क्षेत्रों को फिर से नए जैसा बनाएं तथा नष्ट हुए हिस्सों के सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास करें।

अदालत ने उम्मीदवारो, याचिकाकर्ता, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को अपनी अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया और मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की।

अदालत ने 26 सितंबर को डूसू एवं कॉलेज चुनावों की मतगणना पर तब तक के लिए रोक लगा दी थी, जब तक पोस्टर, होर्डिंग और दीवार पर लिखे नारों सहित परिसर को विकृत करने वाली सारी सामग्री को हटा नहीं दिया जाता और सार्वजनिक संपत्ति का मूल रूप फिर से बहाल नहीं कर दिया जाता। अदालत ने कहा कि चुनाव हो सकते हैं लेकिन मतों की गिनती तब तक नहीं होगी जब तक अदालत संतुष्ट नहीं हो जाती कि संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री हटा दी गई है। चुनाव 27 सितंबर को हुए थे और मतों की गिनती 28 सितंबर को होनी थी।

# हरियाणा चुनाव के नतीजे से सबक सीखने की जरूरत, गठबंधन होता तो ये हालात न होते : आप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जहां एक तरफ हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत मिला है तो वहीं कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस 90 में से 37 सीटें ही जीत पाई और दूसरे स्थान पर रही। जबकि भाजपा ने 90 में से 48 सीटें अपने नाम की हैं। कांग्रेस की हार के बाद लगातार पार्टी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि हरियाणा में आप से गंठबंधन ने करना कांग्रेस की गलती है। गठबंधन होता तो हरियाणा में ये हालात न होते।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, हरियाणा की जनता ने जो भी जनादेश दिया है, हम उसका सम्मान करते हैं। हम अपना संगठन और भी मजबूत करके हरियाणा के लोगों की सेवा करते रहेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में इंडिया गठबंधन को 47% वोट मिले और हमने तो कहा कि विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन किया जाए लेकिन गठबंधन नहीं किया गया। गठबंधन होता तो हरियाणा में ये हालात न होते। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे से कांग्रेस को सबक सीखने की जरूरत है। हरियाणा में कई जगहों पर हमें अच्छा वोट मिला है। कांग्रेस हमें कुछ नहीं समझती।

मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करना चाहती है भाजपा संजय सिंह ने कहा कि भाजपा पिछले कई दिनों से झूठ फैला रही है। हमारी पार्टी को तोड़ने के लिए उन्होंने कई हथकंडे अपनाए। वो जब हमसे चुनाव में नहीं जीत पाए तो उन्होंने हमारी पार्टी को खत्म करना चाहा। भाजपा दिल्ली में 27 साल से चुनाव हार रही है और अपना मुख्यमंत्री नहीं बना पा रही है। अब ये मुख्यमंत्री आवास पर कब्जा करना चाह रहे हैं और उसके लिए तमाम झूठ फैला रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के पिछले तीन विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों का वोट मिला है। हम जाति और धर्म की नहीं बल्कि बिजली, पानी, शिक्षा, स्कूल और अस्पताल की राजनीति करते हैं। जनता हमारे कामों से प्रभावित होकर हमें वोट देती है। अब इन्हीं कामों से प्रभावित होकर जम्मू-कश्मीर की डोडा सीट की जनता ने हमारे युवा नेता मेहराज मलिक को विजयी बनाया है। अब देशभर में अरविंद केजरीवाल के काम की राजनीति के मॉडल का विस्तार हो रहा है, यह आम आदमी पार्टी के लिए सुखद खबर है।

